# प्रश्न–सह–उत्तर पुस्तिका

वीक्षक का पूर्ण हस्ताक्षर

**2026 (ANNUAL)**

केन्द्राधीक्षक का पूर्ण हस्ताक्षर एवं मुहर

# हिन्दी - (ए)

# HINDI - (A)

1. पंजीयन सं. (Reg. No.)
.....

2. पंजीयन वर्ष (Reg. Year)
.....

3. रौल कोड (Roll Code.)
.....

4. रौल नं० (Roll No.)
.....

5. लिपि (Script)
.....

6. तिथि (Date)
.....

7. दिव्यांग (Divyang)

Yes ☐ No ☐

**खण्ड–A**

| प्रश्न संख्या | प्राप्तांक दहाई | प्राप्तांक इकाई | प्रश्न संख्या | प्राप्तांक दहाई | प्राप्तांक इकाई |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | | 16 | | |
| 2 | | | 17 | | |
| 3 | | | 18 | | |
| 4 | | | 19 | | |
| 5 | | | 20 | | |
| 6 | | | 21 | | |
| 7 | | | 22 | | |
| 8 | | | 23 | | |
| 9 | | | 24 | | |
| 10 | | | 25 | | |
| 11 | | | 26 | | |
| 12 | | | 27 | | |
| 13 | | | 28 | | |
| 14 | | | 29 | | |
| 15 | | | 30 | | |
| योग (क) | | | योग (ख) | | |

खण्ड–A कुल प्राप्तांक = योग (क) + योग (ख) = ☐☐

**खण्ड–B**

| प्रश्न संख्या | दहाई | इकाई |
|---|---|---|
| 31 | | |
| 32 | | |
| 33 | | |
| 34 | | |
| 35 | | |
| 36 | | |
| 37 | | |
| 38 | | |
| × | × | × |
| × | × | × |
| × | × | × |
| × | × | × |
| × | × | × |
| × | × | × |
| × | × | × |
| कुल | | |

खण्ड–B कुल प्राप्तांक ☐☐

**खण्ड–C**

| प्रश्न संख्या | प्राप्तांक दहाई | प्राप्तांक इकाई |
|---|---|---|
| 39 | | |
| 40 | | |
| 41 | | |
| 42 | | |
| 43 | | |
| 44 | | |
| 45 | | |
| 46 | | |
| कुल | | |

खण्ड–C कुल प्राप्तांक ☐☐

**खण्ड–D**

| प्रश्न संख्या | प्राप्तांक दहाई | प्राप्तांक इकाई |
|---|---|---|
| 47 | | |
| 48 | | |
| 49 | | |
| 50 | | |
| 51 | | |
| 52 | | |
| × | × | × |
| × | × | × |
| कुल | | |

खण्ड–D कुल प्राप्तांक ☐☐

प्राप्तांक :

खण्ड-A → ☐☐

खण्ड-B → ☐☐

खण्ड-C → ☐☐

खण्ड-D → ☐☐

कुल प्राप्तांक = ☐☐

अंकों में .....

शब्दों में .....
.....

प्रधान परीक्षक का पूर्ण हस्ताक्षर एवं मुहर
(Full Signature & Seal of Head Examiner)
कोड नं० .....

परीक्षक का पूर्ण हस्ताक्षर एवं मुहर
(Full Signature & Seal of Examiner)
कोड नं० .....

## खण्ड – A

( प्रश्न संख्या 1 से 30 तक बहुविकल्पीय प्रश्न हैं और प्रत्येक 1 अंक का है। )

## Section – A

( Question Nos. 1 to 30 are Multiple Choice Questions and carry 1 mark each.)

**निर्देश :** निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर प्रश्न संख्या **1** से **4** तक के लिए सही विकल्प का चयन करें :

जिस विद्यार्थी ने समय की कीमत जान ली वह सफलता को अवश्य प्राप्त करता है। प्रत्येक विद्यार्थी को अपनी दिनचर्या की समय-सारणी अथवा तालिका बनाकर उसका पूरी दृढ़ता से पालन करना चाहिए। जिस विद्यार्थी ने समय का सही उपयोग करना सीख लिया उसके लिए कोई भी काम करना असंभव नहीं है। कुछ लोग ऐसे भी हैं जो कोई काम पूरा न होने पर समय की दुहाई देते हैं। वास्तव में सच्चाई इसके विपरीत होती है। अपनी अकर्मण्यता और आलस को वे समय की कमी के बहाने छिपाते हैं। कुछ लोगों को अकर्मण्य रह कर निठल्ले समय बिताना अच्छा लगता है। ऐसे लोग केवल बातूनी होते हैं। दुनिया के सफलतम व्यक्तियों ने सदैव कार्यव्यस्तता में जीवन बिताया है। उनकी सफलता का रहस्य समय का सदुपयोग रहा है। दुनिया में अथवा प्रकृति में हर वस्तु का समय निश्चित है। समय बीत जाने के बाद कार्य फलप्रद नहीं होता।

**प्रश्न** 1. विद्यार्थी को सफलता प्राप्त करने के लिए क्या आवश्यक है ?

(A) समय की दुहाई देना (B) समय की कीमत समझना

(C) दृढ़ विश्वास बनाए रखना (D) सपने देखना

**उत्तर**

**प्रश्न** 2. कुछ लोग समय की कमी के बहाने क्या छिपाते हैं ?

(A) अपनी अकर्मण्यता और आलस्य (B) अपना बातूनीपन

(C) अपना निठल्लापन (D) अपनी विभिन्न कमियाँ

**उत्तर**

प्रश्न 3. कार्य किस स्थिति में सफल नहीं होता ?

(A) समय न आने पर (B) समय कम होने पर

(C) समय बीत जाने पर (D) समय अधिक होने पर

उत्तर

प्रश्न 4. दुनिया के सफलतम व्यक्तियों की सफलता का रहस्य क्या है ?

(A) समय का पालन (B) समय का प्रयोग

(C) समय की कीमत (D) समय का सदुपयोग

उत्तर

**निर्देश :** निम्नलिखित पद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर प्रश्न संख्या **5** से **8** तक के लिए सही विकल्प का चयन करें :

छेद कर काँटा किसी की उँगलियाँ,
फाड़ देता है किसी का वर वसन ।
और प्यारी तितलियों का पर कतर,
भौंर का है वेध देता श्याम तन ।
फूल लेकर तितलियों को गोद में,
भौंर को अपना अनूठा रस पिला ।
निज सुगंधी और निराले रंग से,
है सदा देता कली दिल की खिला ।

प्रश्न 5. इस पद्यांश में किनके स्वभाव का वर्णन किया गया है ?

(A) फूल और काँटा (B) फूल और तितलियाँ

(C) फूल और कली (D) मेहनती व्यक्ति

उत्तर

| | |
|---|---|
| प्रश्न | 6. फूल सभी के हृदय को कैसे प्रसन्न करता है ?<br>(A) अपनी गोद और रस से (B) अपनी बातों से<br>(C) अपनी सुगंध और रंगों से (D) अपने काँटो से |
| उत्तर | |
| प्रश्न | 7. काँटे का दुर्गुण क्या है<br>(A) पर कतरना (B) उँगलियों में चुभना<br>(C) वस्त्र फाड़ना (D) इनमें से सभी |
| उत्तर | |
| प्रश्न | 8. पद्यांश का उचित शीर्षक है<br>(A) अच्छे बनो (B) हिंसक और अहिंसक<br>(C) स्वभाव (D) फूल और काँटा |
| उत्तर | |
| प्रश्न | 9. शब्द समूह जिसका अर्थ स्पष्ट हो ..... कहलाता है ।<br>(A) वर्णमाला (B) शब्द<br>(C) वाक्य (D) पदबंध |
| उत्तर | |

| | |
|---|---|
| प्रश्न | 10. 'जब वर्षा आई तब सभी लोग प्रसन्न हो गए' । यह कौन-सा वाक्य है ?<br>(A) सरल (B) संयुक्त<br>(C) मिश्र (D) उपवाक्य |
| उत्तर | |
| प्रश्न | 11. कर्तृवाच्य में क्रिया का संबंध किससे होता है ?<br>(A) कर्त्ता (B) कर्म<br>(C) भाव (D) इनमें से कोई नहीं |
| उत्तर | |
| प्रश्न | 12. 'सरकार द्वारा लोक कलाकारों को सम्मानित किया गया' । ( वाच्य का प्रकार बताएँ । )<br>(A) कर्तृवाच्य (B) कर्मवाच्य<br>(C) भाववाच्य (D) इनमें से सभी |
| उत्तर | |
| प्रश्न | 13. वाक्य में आए शब्दों के व्याकरणिक परिचय देने को क्या कहते हैं ?<br>(A) पद परिचय (B) पद संबंध<br>(C) पद संधि (D) पद-पदबंध |
| उत्तर | |

| | |
|---|---|
| प्रश्न | 14. <u>वाह</u> ! भारत मैच जीत गया । रेखांकित पद का परिचय दीजिए ।<br>(A) विस्मयादिबोधक अव्यय, आश्चर्य सूचक<br>(B) विस्मयादिबोधक अव्यय, शंकासूचक<br>(C) विस्मयादिबोधक अव्यय, संबंधसूचक<br>(D) विस्मयादिबोधक अव्यय, हर्षसूचक |
| उत्तर | |
| प्रश्न | 15. काव्य के सौंदर्य वृद्धि में सहायक साधनों को क्या कहते हैं ?<br>(A) योजक (B) समापिका<br>(C) अलंकार (D) उपसर्ग |
| उत्तर | |
| प्रश्न | 16. 'मृगजल देखि अति आकुल, ब्याकुल फिरे मृग' में कौन-सा अलंकार है ?<br>(A) श्लेष अलंकार (B) यमक अलंकार<br>(C) उपमा अलंकार (D) रूपक अलंकार |
| उत्तर | |

**निर्देश :** निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर प्रश्न संख्या **17** एवं **18** के लिए सही विकल्प का चयन करें :

अमीरुद्दीन का जन्म डुमराँव, बिहार के एक संगीत प्रेमी परिवार में हुआ । 5 - 6 वर्ष डुमराँव में बिताकर वह नाना के घर, ननिहाल काशी में आ गया है ।

**प्रश्न** 17. प्रस्तुत गद्यांश किस पाठ से लिया गया है ?

(A) नेताजी का चश्मा (B) संस्कृति

(C) नौबतखाने में इबादत (D) लखनवी अंदाज

**उत्तर**

**प्रश्न** 18. अमीरुद्दीन का ननिहाल कहाँ था ?

(A) बिहार (B) काशी

(C) डुमराँव (D) अजमेर

निर्देश : निम्नलिखित काव्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर प्रश्न संख्या **19** एवं **20** के लिए सही विकल्प का चयन करें :

'सूरदास अबला हम भोरी, गुर चाँटी ज्यों पागी ।।'

प्रश्न 19. इस पद के रचयिता कौन हैं ?

(A) तुलसीदास (B) कबीरदास

(C) सूरदास (D) रैदास

125/2934

उत्तर

प्रश्न 20. गोपियों ने स्वयं की स्थिति किसके समान बताया है ?

(A) गुड़ (B) चींटी

(C) तेल (D) पानी

125/2934

उत्तर

निर्देश : निम्नलिखित प्रश्नों के सही विकल्प का चयन करें :

प्रश्न 21. मानव संस्कृति कैसी वस्तु है ?

(A) अविभाज्य (B) विभाज्य

(C) सूक्ष्म (D) अस्थायी

उत्तर

प्रश्न 22. बालगोबिन भगत क्या थे ?

(A) साधु (B) संत

(C) महात्मा (D) गृहस्थ

उत्तर

प्रश्न 23. 'नहीं साहब ! वो लंगड़ा क्या जाएगा फौज में । पागल है पागल ।' – किसने कहा ?

(A) पानवाले ने (B) हालदार साहब ने

(C) ड्राइवर ने (D) बच्चों ने

उत्तर

| | |
|---|---|
| प्रश्न | 24. 'एक कहानी यह भी' पाठ की लेखिका का क्या नाम है ?<br>(A) महादेवी वर्मा (B) सुभद्रा कुमारी चौहान<br>(C) मन्नू भंडारी (D) उषा प्रियंवदा |
| उत्तर | |
| प्रश्न | 25. शिव-धनुष तोड़ने वाले की तुलना परशुराम ने अपने किस शत्रु से की है ?<br>(A) कर्ण (B) सहसबाहु<br>(C) घटोत्कच (D) दुर्योधन |
| उत्तर | |
| प्रश्न | 26. 'उत्साह' किस प्रकार का काव्यगीत है ?<br>(A) आह्वान गीत (B) भक्ति गीत<br>(C) शास्त्रीय गीत (D) लोकगीत |
| उत्तर | |
| प्रश्न | 27. कवि के अनुसार फसलें किनका बदला हुआ रूप हैं ?<br>(A) पानी का (B) हवा का<br>(C) मिट्टी का (D) सूर्य की किरणों का |
| उत्तर | |

| | |
|---|---|
| प्रश्न | 28. 'संगतकार' शीर्षक कविता के कवि का क्या नाम है ?<br>(A) मंगलेश डबराल (B) ऋतुराज<br>(C) जयशंकर प्रसाद (D) नागार्जुन |
| उत्तर | |
| प्रश्न | 29. 'कटाओ' को हिन्दुस्तान का क्या कहा जाता है ?<br>(A) स्वर्ग (B) जन्नत<br>(C) स्विट्ज़रलैंड (D) इंग्लैंड |
| प्रश्न | 30. • लेखक ने 'हिरोशिमा' कविता कहाँ लिखी ?<br>(A) जापान में (B) हिरोशिमा में<br>(C) घर में (D) भारत लौटकर, रेलगाड़ी में बैठे-बैठे |
| उत्तर | |